Postal Reg. No.GDP45/2023-2025

अल्लाह तआला का आदेश

فَاِذَا قَضَيْتُمْ مَّنَاسِكَكُمْ فَاذْكُرُوا اللّٰهَ كَذِكْرِكُمْ اٰبَآءَكُمْ اَوْ اَشَدَّ ذِكْرًا ؕ

(सूरः बकरः आयत:201)

अनुवाद : अतः जब तुम अपनी हज्ज की रस्में पूरी कर लो तो अल्लाह को उसी तरह याद करो जैसे अपने पूर्वजों को याद करते हो, या उससे भी अधिक।

بِسۡمِ اللّٰہِ الرَّحۡمٰنِ الرَّحِیۡمِ نَحۡمَدُہٗ وَنُصَلِّیۡ عَلٰی رَسُوۡلِہِ الۡکَرِیۡمِ وَعَلٰی عَبۡدِہِ الۡمَسِیۡحِ الۡمَوۡعُوۡد

وَلَقَدۡ نَصَرَكُمُ اللّٰهُ بِبَدۡرٍ وَّاَنۡتُمۡ اَذِلَّةٌ

वर्ष- 10
अंक - 33
मूल्य
600 रुपए
वार्षिक

साप्ताहिक क़ादियान
बदर
Weekly
BADAR Qadian
HINDI

संपादक
शेख़ मुजाहिद अहमद

उप संपादक
सय्यद मुहियुद्दीन फ़रीद

19 सफ़र, 1446-47 हिज्री कमरी, 14 ज़हूर1404 हिज्री शम्सी, 14 अगस्त 2025 ई.

अख़बार-ए-अहमदिया

रूहानी ख़लीफ़ा इमाम जमाअत अहमदिया हज़रत मिर्ज़ा मसरूर अहमद साहिब ख़लीफ़तुल मसीह ख़ामिस अय्यदहुल्लाह तआला बिनस्रिहिल अज़ीज सकुशल हैं। अलहम्दो लिल्लाह। अल्लाह तआला हुज़ूर को सेहत तथा सलामती से रखे तथा प्रत्येक क्षण आप पर अपना फ़जल नाज़िल करता रहे। आमीन

आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम की वाणी

सहाबा से प्रेम और उनकी सांत्वना

हज़रत मिस्वर बिन मख़रमा (रज़ियल्लाहु अन्हुमा) से रिवायत है कि नबी (सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम) के पास कुछ क़बाएँ (विशेष प्रकार के वस्त्र) आईं तो मेरे पिता मख़रमा (रज़ियल्लाहु अन्हु) ने मुझसे कहा कि आप (सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम) के पास मेरे साथ चलो, उम्मीद है कि आप हमें भी देंगे। मेरे पिता दरवाज़े पर खड़े हो गए और बातें करने लगे। नबी (सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम) ने उनकी आवाज़ पहचानी और बाहर निकले। आपके पास एक क़बा थी। आप उन्हें उस क़बा की खूबियाँ दिखाने लगे और आप यह भी फ़रमाते थे कि यह मैंने तुम्हारे लिए छुपा रखी थी। यह मैंने तुम्हारे लिए छुपा रखी थी।

औरत की गवाही

हज़रत अबू सईद ख़ुदरी (रज़ियल्लाहु अन्हु) से रिवायत है कि नबी (सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम) ने फ़रमाया: क्या औरत की गवाही आदमी की गवाही के आधे के बराबर नहीं? उन्होंने कहा: क्यों नहीं। आपने फ़रमाया कि यह उसके अक़्ल की कमी के कारण है।

नफ़्ल के ज़रिए इंसान बहुत बड़ा दर्जा और क़ुर्ब हासिल करता है यहाँ तक कि वह अल्लाह के वलियों (मित्रों) की श्रेणी में दाख़िल हो जाता है।

हज़रत अकदस मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम का उपदेश

याद रखो कि अल्लाह से पूर्ण प्रेम नफ़्ल (स्वैच्छिक इबादत) के ज़रिए होता है। इसका नतीजा यह होता है कि अल्लाह फ़रमाता है कि फिर मैं ऐसे करीब और मोमिन बंदों की नज़र हो जाता हूँ, यानी जहाँ मेरी मर्ज़ी होती है, वहीं उनकी नज़र पड़ती है। सच्चा व्यक्ति मौत का भरोसा नहीं रखता और अल्लाह से ग़ाफ़िल नहीं होता।

उनके कान हो जाते हैं। यह इस बात की तरफ इशारा है कि जहाँ अल्लाह की या उसके रसूल की या उसकी किताब की तौहीन और बेइज़्ज़ती होती है, वहाँ से बेज़ार और नाराज़ होकर उठ खड़े होते हैं। वह सुन नहीं सकते और कोई ऐसी बात जो अल्लाह तआला की रज़ा और हुक्म के ख़िलाफ़ हो नहीं सुनते और ऐसी महफिलों में नहीं बैठते। ऐसा ही फ़िस्क़ व फुजूर की बातों और नापाक नज़ारों और आवाज़ों से परहेज़ करते हैं। नामहरम की आवाज़ सुनकर बुरे ख़्यालात का पैदा होना ज़िना-ए-उज़ुन (कानों का व्यभिचार) है। इसीलिए इस्लाम ने पर्दे की रस्म रखी है।

मसीह का यह कहना कि "ज़िना की नज़र से न देखो" कोई कामिल तालीम नहीं है। इसके मुक़ाबले में कामिल तालीम वह है जो गुनाह के शुरुआती अंदेशों से बचाती है। "कुल लिल मोमिनीना यगुज़ू मिन अब्सारिहिम" (सूरह नूर: 31) यानी किसी भी नज़र से न देखें, क्योंकि दिल अपने इख़्तियार में नहीं है। यह कितनी कामिल तालीम है।

फिर फ़रमाता है कि मैं उसके हाथ हो जाता हूँ। कभी-कभी इंसान हाथों से बहुत बेरहमी करता है। अल्लाह फ़रमाता है कि मोमिन के हाथ बेजा तौर पर इतिडाल से नहीं बढ़ते। वह नामहरम को हाथ नहीं लगाते।

फिर फ़रमाता है कि मैं उसकी ज़बान हो जाता हूँ। इसी पर इशारा है "मा यंतिक़ अनिल हवा" (सूरह नज्म: 4)। इसीलिए रसूलुल्ला (सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम) ने जो फ़रमाया वह अल्लाह तआला

शेष पृष्ठ 12 पर

एक सच्चा मोमिन हर प्रकार की नमाज़ें यानी फर्ज़ और नफ़्ल अच्छी तरह अदा करता है। वह अपने समुदाय के हर व्यक्ति की शारीरिक इबादत की रक्षा करता है, यानी यह देखता रहता है कि उसकी संतान, उसकी पत्नी, उसके रिश्तेदार, उसके पड़ोसी और उसका पूरा समुदाय नमाज़ का पाबंद है या नहीं।

हज़रत मुस्लेह मौऊद रज़ियल्लाहु अन्हु सूरह अल-मोमिनून, आयत 10 "वल्लज़ीना हुम अला सलवातिहिम युहाफिज़ून" की तफ्सीर में फ़रमाते हैं:

यहाँ नमाज़ का शब्द जमा (बहुवचन) के रूप में आया है। इससे एक तो यह इशारा है कि वे हर प्रकार की नमाज़ें यानी फर्ज़ और नफ़्ल अच्छी तरह अदा करते हैं, और दूसरे यह बताया गया है कि वे अपने समुदाय के हर व्यक्ति की शारीरिक इबादत की रक्षा करते हैं, यानी यह देखते रहते हैं कि उनकी संतान, उनकी पत्नियाँ, उनके रिश्तेदार, उनके पड़ोसी और उनका पूरा समुदाय नमाज़ का पाबंद है या नहीं। क्योंकि जब तक पूरे परिवार, बल्कि पूरे समुदाय के अमल दुरुस्त न हों, उस वक्त तक इंसान का अपना अमल भी खतरे से बाहर नहीं रह सकता।

बहुत बार ऐसा होता है कि जब कोई व्यक्ति सुबह अपने बच्चे को नमाज़ के लिए जगाने लगता है, तो उस वक्त फौरन मोहब्बत के जज़बात उसके सामने आ जाते हैं, और वह दिल में कहता है कि "कड़ाके की सर्दी है, मैं इसे क्यों जगाऊँ? अगर नमाज़ के लिए जगाया तो इसे सर्दी लग जाएगी।" फिर जब वह अपनी पत्नी को नमाज़ के लिए जगाने लगता है, तो उस वक्त भी मोहब्बत के जज़बात उसके सामने आ जाते हैं, और वह कहता है कि "यह सारी रात बच्चे को उठाकर दूध पिलाती रही है, अब मैं इसे जगाऊँगा तो इसकी नींद खराब हो जाएगी। बेहतर है कि यह सोई रहे, नमाज़ बाद में पढ़ लेगी।"

कुल मिलाकर, कभी सख्त सर्दी और कभी सख्त गर्मी का बहाना उसके सामने आ जाता है। छह महीने उसके सामने यह सवाल रहता है कि "सख्त सर्दी है, इन दिनों में बच्चे को नमाज़ के लिए क्यों जगाऊँ? इसे सर्दी लग जाएगी।" और छह महीने उसके सामने यह सवाल रहता है कि "नाजुक और फूल जैसा बच्चा है, नमाज़ पढ़ने गया तो इसे गर्मी लग जाएगी।" फिर कभी पत्नी को जगाते वक्त यह ख्याल आ जाता है कि "यह सारी रात बच्चे को उठाए फिरती रही है, इसलिए बेहतर है कि सोई रहे, नमाज़ बाद में पढ़ लेगी।"

कदम-कदम पर जज़्बात और एहसासात उसके सामने आ जाते हैं, और इसका नतीजा यह होता है कि न तो उनकी इस्लाह होती है और न ही उसकी अपनी इस्लाह पूरी होती है। इसीलिए अल्लाह तआला ने क़ुरआन-ए-पाक में फ़रमाया है:

शेष पृष्ठ 12 पर

जमील अहमद नासिर प्रिंटर एवं पब्लिशर ने फ़ज़्ल-ए-उमर प्रिंटिंग प्रेस क़ादियान में छपवा कर दफ़्तर अख़बार बदर से प्रकाशित किया। प्रौपराइटर - **निगरान बदर बोर्ड क़ादियान**

ख़ुत्बः जुमअः

हे लोगो! अल्लाह तआला ने मक्का को उस दिन से हराम (पवित्र स्थान) बनाया है जिस दिन उसने आकाशों और धरती की रचना की और जिस दिन उसने सूरज और चाँद को बनाया और इन दो पहाड़ों सफा और मरवा को स्थापित किया। इसलिए जो व्यक्ति अल्लाह तआला और आखिरत के दिन पर ईमान रखता हो, उसके लिए हलाल नहीं कि वह इसमें खून बहाए और न ही इसके पेड़ काटे। यह न मुझसे पहले किसी के लिए हलाल हुआ और न मेरे बाद किसी के लिए हलाल होगा। मेरे लिए यह पलभर के लिए हलाल हुआ था, फिर इसकी हरमत वैसे ही लौट आई है जैसे कल थी। तुममें से मौजूद लोग अनुपस्थित तक यह बात पहुँचा दें। जो तुमसे कहे कि रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम ने इसमें लड़ाई की थी, तो उससे कहो कि अल्लाह तआला ने इसे अपने रसूल के लिए हलाल किया था और उसने तुम्हारे लिए हलाल नहीं किया।

हे लोगो! लोगों में से अल्लाह तआला पर सबसे ज्यादा हिम्मत करने वाला वह व्यक्ति है जिसने हरम में कत्ल किया या अपने कातिल के अलावा किसी और को कत्ल किया या जमाने-जाहिलियत के खून के बदले की वजह से कत्ल किया।

फतह-ए-मक्का के दिन "केवल उन्हीं कुछ लोगों को सजा दी गई जिन्हें सजा देने के लिए हज़रत अहदियत की तरफ से स्पष्ट आदेश आ चुका था और इन अज़ली मलऊनों के अलावा हर एक दुश्मन का गुनाह माफ कर दिया गया।" (हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम)

ग़ज़वा-ए-फतह-ए-मक्का के संदर्भ में सीरत-ए-नबवी सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम का प्रेरणादायक वर्णन।

मौजूदा हालात को देखते हुए दुआएँ करने और राशन जमा करने की याद दिलाना।

मुकर्रमा उम्मत-उन-नसीर निगहत साहिबा (अहलिया मुकर्रम राजा अब्दुल मालिक साहिब, अमेरिका) और मुकर्रम अल-हाज याकूब अहमद बिन अबू बकर साहिब (घाना) का ज़िक्र-ए-खैर और नमाज-ए-जनाजा-ए-ग़ाइब।

ख़ुत्बः जुमअः सय्यदना अमीरुल मौ'मेनीन हज़रत मिर्ज़ा मसरूर अहमद ख़लीफ़तुल मसीह पंचम अय्यदहुल्लाहो तआला बिनस्रिहिल अज़ीज़, दिनांक 11 जुलाई 2025 ई. स्थान - मस्जिद मुबारक इस्लामाबाद सिर्रे (यू.के)

أَشْهَدُ أَنْ لَّا إِلٰهَ إِلَّا اللّٰهُ وَحْدَهٗ لَا شَرِيكَ لَهٗ وَأَشْهَدُ أَنَّ مُحَمَّدًا عَبْدُهٗ وَ رَسُوْلُهٗ۔
أَمَّا بَعْدُ فَأَعُوْذُ بِاللّٰهِ مِنَ الشَّيْطٰنِ الرَّجِيْمِ۔ بِسْمِ اللّٰهِ الرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ ۔ اَلْحَمْدُ لِلّٰهِ
رَبِّ الْعَالَمِيْنَ۔ اَلرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ ۔ مٰلِكِ يَوْمِ الدِّيْنِ ۔اِيَّاكَ نَعْبُدُ وَ اِيَّاكَ نَسْتَعِيْنُ۔
اِهْدِنَا الصِّرَاطَ الْمُسْتَقِيْمَ۔صِرَاطَ الَّذِيْنَ اَنْعَمْتَ عَلَيْهِمْ ۔ غَيْرِالْمَغْضُوْبِ عَلَيْهِمْ
وَلَاالضَّآلِّيْنَ

जैसा कि पिछले खुत्बे में बयान हुआ था कि फ़त्ह-ए-मक्का से पहले काबा की चाबी उस्मान बिन तल्हा के पास थी। जब फ़त्ह-ए-मक्का हुई, तो उस समय हज़रत अली (रज़ियल्लाहु अन्हु) ने सकाया (पानी पिलाने का सम्मान) के साथ-साथ कुंजीदारी का सम्मान भी प्राप्त करने की दरख्वास्त की, यानी कि अब चाबी उन्हें दे दी जाए। लेकिन आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने काबा से निकलते समय उस्मान बिन तल्हा को बुलाया और उन्हें चाबी वापस कर दी और फ़रमाया:

"आज नेकी और वफ़ा का दिन है।"उस समय उस्मान बिन तल्हा मुसलमान हो चुके थे। आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने यह क्यों कहा? इसकी तफ़सील इस तरह है कि आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने हिज्रत से पहले एक बार उस्मान बिन तल्हा से काबा की चाबी माँगी थी, तो उसने जवाब में आपको बुरा-भला कहा और बेहद गंदी ज़ुबान इस्तेमाल की थी। आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने उस समय बेहद तहमुल से काम लिया और फ़रमाया:

"ऐ उस्मान! याद रखो, यह चाबी किसी न किसी दिन मेरे हाथ में आएगी, और मैं इसे अपनी मर्ज़ी से जिसे चाहूँगा, दूँगा।"

उस्मान ने उस समय यह जवाब दिया था कि अगर ऐसा वक्त आया, तो वह कुरैश की हलाकत और ज़िल्लत का वक्त होगा। इस पर आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने फ़रमाया:

"नहीं, बल्कि उस दिन कुरैश की आबादी और इज़्ज़त-ओ-तकरीम होगी।"

यह सारी ज़्यादतियाँ जो आपसे की गई थीं, उस समय आपको याद थीं, लेकिन इसके बावजूद आपने उन लोगों पर रहमत और शफ़क़त फरमाई। एक दूसरी रिवायत में उस्मान बिन तल्हा खुद बयान करते हैं कि ज़माना-ए-जाहिलियत में सोमवार और गुरुवार के दिन हम काबा खोला करते थे। एक दिन नबी करीम सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम तशरीफ़ लाए और कुछ लोगों के साथ काबा के अंदर जाना चाहा। इस पर मैंने आपसे सख्त कलामी की, लेकिन आपने बहुत नर्मी से कलाम किया और फ़रमाया:

"हे उस्मान! एक दिन यह चाबी तुम मेरे हाथ में देखोगे, और मैं जिसे चाहूँगा, यह दूँगा।"

आज वह दिन था। यह सारी बातें उस्मान को भी याद आ रही होंगी, और आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम भी उस दिन को नहीं भुले होंगे, लेकिन आपने उससे फ़रमाया: "ऐ उस्मान! अपनी चाबी संभालो।" इसके बावजूद आपने उसे यही कहा कि लो, चाबी मैं तुम्हें देता हूँ आज। आज नेकी और वफ़ा का दिन है। यह चाबी हमेशा के लिए ले लो, तुमसे सिर्फ़ ज़ालिम ही इसे छीनेगा।

(सीरतुन नबी सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम, डॉ. सलाबी, जिल्द 3, पेज 415-416, दारुस्सलाम) (तारीखुल खमीस, जिल्द 2, पेज 482, 487, 488, दारुल कुतुब इल्मिया, बेरूत)

अब यह तुम्हारे ख़ानदान में रहेगी। चुनाँचे आज तक काबा की चाबी उसी ख़ानदान में नस्ल दर नस्ल चली आ रही है।

रिवायत है कि फ़त्ह-ए-मक्का के दूसरे दिन बनू खुज़ाअह ने बनू हुज़ैल के एक मुशरिक आदमी को क़त्ल कर दिया, तो आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ज़ुहर के बाद खुत्बा देने के लिए खड़े हुए। आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम अपनी कमर काबा से लगाए हुए थे, वहाँ टेक लगाए हुए थे, और एक रिवायत है कि आप अपनी ऊँटनी पर सवार हुए। अल्लाह तआला की हम्द-ओ-सना बयान की और फ़रमाया:

"ऐ लोगो! अल्लाह तआला ने मक्का को उस दिन से हरम बनाया है, जिस दिन उसने आसमानों और ज़मीन की तख़्लीक़ की, और जिस दिन उसने सूरज और चाँद को बनाया, और यह दो पहाड़ सफा और मरवा नस्ब किए। इसे लोगों ने हरम नहीं बनाया।"

आपने फ़रमाया: "इसे लोगों ने हरम नहीं बनाया, बल्कि अल्लाह तआला ने बनाया है। यह क़यामत तक हरम है। फिर जो शख़्स अल्लाह तआला पर और आख़िरत के दिन पर ईमान रखता हो, उसके लिए हलाल नहीं कि वह इसमें ख़ूनरिज़ी करे और न इसका दरख़्त काटे। यह न मुझसे पहले किसी के लिए हलाल हुआ और न मेरे बाद किसी के लिए हलाल होगा। मेरे लिए यह घड़ी भर के लिए हलाल हुआ था, फिर इसकी हुरमत वैसे ही लौट आई है, जैसे कल थी। तुम में से हाजिर ग़ाइब तक पहुँचा दे कि जो तुमसे कहे कि आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने इसमें क़ताल किया था, तो उसे कहो कि अल्लाह तआला ने इसे अपने रसूल के लिए हलाल किया था और उसने तुम्हारे लिए हलाल नहीं किया। ऐ लोगो! लोगों में से अल्लाह तआला पर सबसे ज़्यादा जुर्रत करने वाला वह शख़्स है जिसने हरम में क़त्ल किया या अपने क़ातिल के अलावा किसी और को क़त्ल किया या ज़माना-ए-जाहिलियत के ख़ून के बदले की वजह से क़त्ल किया।"

"ऐ बनू ख़ुज़ाअह! क़त्ल से हाथ रोक लो। तुमने एक शख़्स को क़त्ल किया है, मैं उसकी दीत अदा करूँगा।"

आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने फ़रमाया: "मैं दूँगा अब उसकी दीत, मुआहिदा है। जो मेरी ज़मानत के बाद किसी को क़त्ल करेगा, तो उसके अहल को दो इख़्तियार होंगे: अगर वह चाहें तो दीत ले लें और अगर चाहें तो उसे क़त्ल कर दें।"

फिर आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने उस शख़्स की दीत एक सौ ऊँट दे दी, जिसे बनू ख़ुज़ाअह ने क़त्ल किया था। उनकी तरफ से आपने दीत अता फरमाई।

(सुबुलुल हुदा, जिल्द 5, पेज 256-257, दारुल कुतुब इल्मिया, बेरूत)

उन्हीं दिनों में फ़ज़ाला बिन उमैर का आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम को क़त्ल करने का नापाक मंसूबा भी ज़ाहिर हुआ। इसकी तफ़सील में लिखा है कि फ़त्ह-ए-मक्का के दिन बहुत से ऐसे लोग भी थे जो अंदर ही अंदर पेच-ओ-ताब खा रहे थे, लेकिन वह बेबस थे। यही वजह है कि मक्का के कुछ दिलेर नौजवानों जैसे इकरिमा वग़ैरह ने बाक़ायदा एक पलटन बना कर एक जगह खड़े होकर मुसल्लह मुक़ाबले भी की थी। इसी तरह की सोच रखने वालों में से एक शख़्स फ़ज़ाला बिन उमैर भी था। यह कहता है कि जब आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम काबा का तवाफ़ कर रहे थे, तो मैं भी उस भीड़ में शामिल हो गया और सोचा कि जैसे ही मैं आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के क़रीब हुआ, तो चुपके से अपने खंजर से वार करके आपको क़त्ल कर दूँगा। वह इस इरादे से आपके पीछे-पीछे हो लिया। जैसे ही वह आपके क़रीब हुआ, तो आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने उसे देखकर फ़रमाया: "तुम फ़ज़ाला हो?"

उसने कहा: "जी हाँ।"फ़रमाया: "दिल में क्या सोच रहे हो?"कहने लगा: "मैं अल्लाह का ज़िक्र कर रहा हूँ।"

उसने झूठ बोला। इस पर आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम मुस्कुराए और फ़रमाया: "अल्लाह से इस्तिग़फार करो। तुम जो कह रहे हो, वह तुम नहीं कर रहे।"

और आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम उसके क़रीब आए और उसके सीने पर हाथ रखा।

फ़ज़ाला बयान करते हैं कि बिल्लाह, आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने मेरे सीने से हाथ नहीं उठाया था कि दुनिया में सबसे ज़्यादा माहबूब मुझे मुहम्मद सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ही लगने लगे, और वह अपने घर वालों की तरफ वापस लौट आया।

(सुबुलुल हुदा (मुतरजिम), जिल्द 5, पेज 232, ज़ाविया पब्लिशर्स, लाहौर) (तारीखुल खमीस, जिल्द 2, पेज 487, दारुल कुतुब इल्मिया, बेरूत) (उद्धृत दायर मारीफ़ सीरत मुहम्मद रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम, जिल्द 9, पेज 170, बज़्म-ए-इक़बाल, लाहौर) (फ़त्ह-ए-मक्का, बाशमील, पेज 241-242, नफ़ीस एकेडमी, करांची)

वह इस इरादे से गया था, लेकिन इसके बाद उसका हृदय परिवर्तन हो गया।

उन्हीं दिनों में हज़रत अबू बक्र (रज़ियल्लाहु अन्हु) के पिता के इस्लाम कबूल करने की घटना का भी वर्णन मिलता है। हज़रत अबू बक्र के पिता फ़त्ह-ए-मक्का तक ईमान नहीं लाए थे। उस समय उनकी आँखों की रोशनी जा चुकी थी। फ़त्ह-ए-मक्का के समय जब रसूल-ए-करीम सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम हरम में दाखिल हुए, तो हज़रत अबू बक्र (रज़ियल्लाहु अन्हु) अपने पिता को लेकर आँहज़रत की सेवा में हाज़िर हुए। जब नबी करीम सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने उन्हें देखा, तो आपने फ़रमाया: "ऐ अबू बक्र! तुम इस बुज़ुर्ग व्यक्ति को घर पर ही रहने देते। इतनी बड़ी उम्र के आदमी को मेरे पास ले आए हो। मैं खुद उनके पास चला आता।" इस पर हज़रत अबू बक्र (रज़ियल्लाहु अन्हु) ने अर्ज़ किया: "या रसूलल्लाह! यह इस बात के ज़्यादा हक़दार हैं कि आपकी सेवा में हाज़िर हों, न कि आप उनके पास तशरीफ़ ले जाएँ।" हज़रत अबू बक्र (रज़ियल्लाहु अन्हु) ने उन्हें रसूल-ए-करीम सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के सामने बैठाया, तो आपने उनके सीने पर हाथ फेरा और फ़रमाया: "इस्लाम कबूल कर लें। आप सलामती में आ जाएँगे।" चुनाँचे उन्होंने (हज़रत अबू बक्र के पिता ने) इस्लाम कबूल कर लिया।

(अल-इसाबा फी तमीज़िस सहाबा, जिल्द 4, पेज 374-375, दारुल कुतुब इल्मिया, बेरूत)

(सुबुलुल हुदा, जिल्द 5, पेज 232-233, दारुल कुतुब इल्मिया, बेरूत)

एक वर्णन हज़रत उम्मे हानी (रज़ियल्लाहु अन्हा) के घर में आपके भोजन ग्रहण करने का भी मिलता है।

हज़रत इब्ने अब्बास (रज़ियल्लाहु अन्हु) से रिवायत है कि आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने फ़त्ह-ए-मक्का के दिन हज़रत उम्मे हानी (रज़ियल्लाहु अन्हा) से फ़रमाया: "क्या तुम्हारे पास कोई भोजन है जिसे हम खाएँ?" उन्होंने अर्ज़ किया: "सूखी हुई रोटी के टुकड़ों के अलावा कुछ नहीं है, और मुझे शर्म आती है कि मैं उन्हें आपकी सेवा में पेश करूँ।" आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने फ़रमाया: "उन्हें ही ले आओ।" आपने उन्हें पानी में भिगोया। वह नमक ले आईं। आपने फ़रमाया: "क्या कोई शोरबा है?" उन्होंने कहा: "या रसूलल्लाह! मेरे पास सिरके के अलावा और कुछ नहीं है।" आपने फ़रमाया: "वह सिरका ले आओ।" आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने उसे भोजन पर डाला और उसमें से खाया, और अल्लाह तआला का शुक्र अदा किया। फिर फ़रमाया: "सिरका कितना उम्दा सालन है। ऐ उम्मे हानी! जिस घर में सिरका मौजूद हो, वह ग़रीब नहीं होता।"

(सुबुलुल हुदा, जिल्द 5, पेज 235, दारुल कुतुब इल्मिया, बेरूत)

शुक्रगुज़ारी की भी इंतिहा है और उम्मे हानी की दिलजोई भी कर दी। यह फ़ातिह-ए-मक्का का हाल है, जबकि हर घर से सब कुछ मयस्सर आ सकता था, लेकिन आपने उन छोटे-से सूखे रोटी के टुकड़ों पर ही उस समय गुज़ारा किया।

आपके मक्का पहुँचने और वहाँ हर चीज़ को ख़ास तौर पर काबा को मोहब्बत से देखने से अंसार के दिल में एहतियात पैदा हुआ कि कहीं आप यहीं न रह जाएँ। मशहूर मिसाल है कि "इश्क है और हज़ार बदगुमानियाँ" यानी एक मोहब्बत होती है और उसके साथ हज़ार शक-ओ-शुबहात होते हैं। मोहब्बत करने वाला हर वक्त अपने माहबूब के बारे में फिक्रमंद रहता है। इश्क-ओ-मोहब्बत और हुस्न-ओ-वफ़ा के बहुत से मंज़र फ़त्ह-ए-मक्का के मौके पर देखे गए। इनमें से एक बहुत ही पाकीज़ा और पुर-लुत्फ़ नज़ारा मदीना के अंसार की तरफ से देखने में आया।

हज़रत अबू हुरैरा (रज़ियल्लाहु अन्हु) बयान करते हैं कि रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम तशरीफ़ लाए और मक्का में दाखिल हुए। आप हजर-ए-अस्वद की तरफ आए और उसे इसतलाम किया, यानी हजर-ए-अस्वद को बोसा दिया। फिर बैतुल्लाह का तवाफ़ किया। फिर सफा पर चढ़े, जहाँ से आप बैतुल्लाह को देख रहे थे, और आपने दोनों हाथ उठाए और अल्लाह अज़्ज़ व जल्ल का ज़िक्र करने लगे, जितना अल्लाह तआला ने चाहा कि आप उसका ज़िक्र करें और उससे दुआ माँगते रहें। अंसार आपके नीचे थे। आपने दुआ की और अल्लाह की हम्द की और दुआ की, जितना उसने चाहा कि दुआ करें।

(सुनन अबू दाऊद, किताबुल मनासिक, बाब फी रफ़अल यद इज़ा रअल बैत, हदीस 1872)

आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की मसरूफ़ियात और अहाले मक्का से हुस्न-ए-सुलूक के नाक़ाबिल-ए-यक़ीन मंज़र देखते हुए अंसार अपनी ही सोच में गुम हो गए। वह एक-दूसरे से कहने लगे कि आप पर अपने वतन की मोहब्बत और अपने क़बीले की मोहब्बत ग़ालिब आ गई है, और शायद अब आप यहीं अपनी बस्ती में अपने अज़ीज़ रिश्तेदारों में रह जाएँगे। नबी-ए-अकरम सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की जुदाई का सोचते ही वह ग़मज़दा हो गए।

हज़रत अबू हुरैरा (रज़ियल्लाहु अन्हु) कहते हैं कि जब अंसार की यह हालत थी, तो आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम पर इस दौरान वह्य नाज़िल हुई। और जब वह्य आती थी, तो हम पर मख़फ़ी नहीं रहती थी। फिर जब वह आई, तो हम में से कोई भी रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की तरफ नज़र नहीं उठाता था, यहाँ तक कि वह्य ख़त्म हो गई। और जब वह्य ख़त्म हुई, तो रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने फ़रमाया: "ऐ गिरोहे अंसार!" उन्होंने कहा: "या रसूलल्लाह! हाज़िर हैं।" आपने फ़रमाया: "तुम यह सोच रहे हो कि इस शख़्स पर वतन की मोहब्बत ग़ालिब आ गई है?" उन्होंने कहा: "ऐसा ही है।" आपने फ़रमाया: "अगर ऐसा हुआ, तो मेरा नाम क्या होगा? मैं मुहम्मद हूँ। अल्लाह का बंदा और उसका रसूल हूँ। मैंने अल्लाह की ख़ातिर तुम्हारी तरफ हिज्रत की थी। अब मेरा जीना-मरना तुम्हारे साथ ही है।" इस पर वह बे-इख़्तियार रोते हुए आपकी तरफ बढ़े और कहने लगे: "अल्लाह की क़सम! हमने जो भी कहा, वह अल्लाह और उसके रसूल की शदीद मोहब्बत और आपसे जुदाई के डर की वजह से कहा था।" रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने फ़रमाया: "यक़ीनन अल्लाह और उसका रसूल तुम्हारी इस बात की तस्दीक़ करते हैं और तुम्हारा उज़्र क़बूल करते हैं।"

(सहीह मुस्लिम (मुतरजिम), किताबुल जिहाद वस्सैर, बाब फ़त्ह-ए-मक्का, जिल्द 9, पेज 185-189, हदीस 3317-3318)

इस वाक़िए का ज़िक्र करते हुए हज़रत मुस्लेह मौऊद रज़ियल्लाहु अन्हु बयान करते हैं कि "जब रसूल-ए-करीम सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ज़ियारत-ए-काबा की मुताल्लिक़ इबादतों में मसरूफ़ थे और अपनी क़ौम के साथ बख़्शिश और रहमत का मुआमला कर रहे थे, तो अंसार के दिल अंदर ही अंदर बैठे जा रहे थे, और वह एक-दूसरे से इशारों में कह रहे थे: शायद आज हम ख़ुदा के रसूल को अपने से जुदा कर रहे हैं, क्योंकि उनका शहर ख़ुदा तआला ने उनके हाथ पर फ़त्ह कर दिया है, और उनका

क़बीला उन पर ईमान ले आया है। उस वक़्त अल्लाह तआला ने मुहम्मद रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम को वह्य के ज़रिए अंसार के इन शुबुहात की ख़बर दे दी। आपने सर उठाया, अंसार की तरफ देखा और फ़रमाया: 'ऐ अंसार! तुम समझते हो कि मुहम्मद रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम को अपने शहर की मोहब्बत सताती होगी और अपनी क़ौम की मोहब्बत उसके दिल में गुदगुदियाँ लेती होगी?' अंसार ने कहा: 'या रसूलल्लाह! यह दुरुस्त है, हमारे दिल में ऐसा ख़्याल गुज़रा था।' आपने फ़रमाया: 'तुम्हें पता है, मेरा नाम क्या है?' मतलब यह कि मैं अल्लाह का बंदा और उसका रसूल कहलाता हूँ। फिर किस तरह हो सकता है कि तुम लोगों को, जिन्होंने दीन-ए-इस्लाम की कमज़ोरी के वक़्त में अपनी जानें कुर्बान कीं, छोड़कर किसी और जगह चला जाऊँ। फिर फ़रमाया:

'हे अंसार! ऐसा कभी नहीं हो सकता। मैं अल्लाह का बंदा और उसका रसूल हूँ। मैंने ख़ुदा की ख़ातिर अपने वतन को छोड़ा था, और उसके बाद अब मैं अपने वतन में वापस नहीं आ सकता। मेरी ज़िंदगी तुम्हारी ज़िंदगी से है, और मेरी मौत तुम्हारी मौत से वाबस्ता है।'

मदीना के लोग आपकी यह बातें सुनकर और आपकी मोहब्बत और आपकी वफ़ा को देखकर रोते हुए आगे बढ़े और कहा: 'या रसूलल्लाह! ख़ुदा की क़सम! हमने ख़ुदा और उसके रसूल पर बदज़न्नी की। बात यह है कि हमारे दिल इस ख़्याल को बर्दाश्त नहीं कर सकते कि ख़ुदा का रसूल हमें और हमारे शहर को छोड़कर कहीं और चला जाए।' आपने फ़रमाया: 'अल्लाह और उसका रसूल तुम लोगों को बरी समझते हैं और तुम्हारे इख़्लास की तस्दीक़ करते हैं।'

जब मुहम्मद रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम और मदीना के लोगों में यह प्यार और मोहब्बत की बातें हो रही होंगी, अगर मक्का के लोगों की आँखों ने आँसू नहीं बहाए होंगे, तो उनके दिल यक़ीनन आँसू बहा रहे होंगे कि वह कीमती हीरा, जिससे बढ़कर कोई कीमती चीज़ इस दुनिया में पैदा नहीं हुई, ख़ुदा ने उनको दिया था, मगर उन्होंने उसे अपने घरों से निकालकर फेंक दिया, और अब वह ख़ुदा के फज़्ल और उसकी मदद के साथ दोबारा मक्का में आया था, वह अपनी वफ़ा-ए-अहद की वजह से अपनी मर्ज़ी और अपनी ख़ुशी से मक्का को छोड़कर मदीना वापस जा रहा है।"

(दीबाचा तफ़्सीरुल क़ुरआन, अनवारुल उलूम, जिल्द 20, पेज 348-349)

हज़रत इब्ने अब्बास (रज़ियल्लाहु अन्हु) से एक रिवायत है कि अबू सुफ़ियान ने आपको देखा। आप चल रहे थे और सहाबा आपके पीछे-पीछे चल रहे थे। उसने दिल में कहा कि काश मैं उनके साथ फिर क़िताल कर सकता और उनके लिए लश्कर जमा करता। आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम तशरीफ़ लाए। उनके सीने पर हाथ मारा और फ़रमाया तब फिर अल्लाह तआला तुम्हें रसवा कर देगा। तुम यह सोच रहे हो कि क़िताल करते तो फिर रसवा हो जाते। उन्होंने कहा मैं अल्लाह के हुज़ूर तौबा करता हूँ और जो कुछ मैंने कहा, अल्लाह से उसकी माफ़ी चाहता हूँ। अब मुझे यक़ीन हो गया है कि आप अल्लाह के सच्चे नबी हैं। कहते हैं मैं तो अपने दिल में यह बात सोच रहा था। मैंने तो किसी को बताई ही नहीं थी और आपने वह बात मुझ पर ज़ाहिर कर दी।

(अल-लुलुअल्मक़्नून फी सीरतिन्नबी अल-मामून सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम, जिल्द 4, पेज 63, रियाद 2013)(सुबुल अल-हुदा, जिल्द 5, पेज 246, दार अल-कुतुब अल-इल्मिय्या, बेरूत)

खाना काबा की छत से ज़ुहर की अज़ान दी गई। जब नमाज़-ए-ज़ुहर का वक़्त हुआ तो आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने हज़रत बिलाल (रज़ियल्लाहु अन्हु) को हुक्म दिया। उन्होंने खाना काबा की छत पर चढ़कर अज़ान दी।

(सुबुल अल-हुदा, जिल्द 5, पेज 248, दार अल-कुतुब अल-इल्मिय्या, बेरूत)

रिवायत है कि आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने उस दिन तमाम नमाज़ें एक ही वुज़ू से अदा फरमाईं। आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की आदत मुबारक थी कि बाल-उमूम हर नमाज़ के लिए ताज़ा वुज़ू फ़रमाते, लेकिन आज जब सहाबा (रज़ियल्लाहु अन्हुम) ने आपको एक ही वुज़ू के साथ नमाज़ें पढ़ते देखा तो हज़रत उमर (रज़ियल्लाहु अन्हु) ने अर्ज़ किया: या रसूलल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम! आपने आज वह किया है जो आप नहीं किया करते थे। रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने फ़रमाया: "उमर, मैंने जान-बूझकर ऐसा किया है।" उलमा ने इससे इस्तिदलाल किया है कि आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने ज़रूरत के वक़्त ऐसा करने की सहूलियत की ख़ातिर यह नमूना दिया था।

(अल-लुलुअल्मक़्नून फी सीरतिन्नबी अल-मामून सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम, जिल्द 4, पेज 64-65, रियाद 2013)

इस दौरान आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने आम बैअत भी ली, जिसकी तफ्सील में लिखा है। हज़रत असवद बिन ख़ल्फ़ (रज़ियल्लाहु अन्हु) से रिवायत है कि उन्होंने फत्ह-ए-मक्का के रोज़ आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम को देखा। आप लोगों से बैअत ले रहे थे। आप क़र्न-ए-मसफ़लह के पास बैठ गए, जो मक्का के निचले हिस्से में एक चट्टान है, और इस्लाम पर लोगों से बैअत ली। छोटे-बड़े, मर्द और ख़वातीन आपकी ख़िदमत में आए।

आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने उनसे ईमान बिल्लाह और इस शहादत पर बैअत ली कि अल्लाह तआला के सिवा कोई माबूद नहीं और मुहम्मद सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम उसके बंदे और रसूल हैं।

इब्ने जरीर तबरी बयान करते हैं कि लोग मक्का में जमा हो गए ताकि इस्लाम पर आपकी बैअत करें। आप कोह-ए-सफ़ा पर बैठ गए। हज़रत उमर (रज़ियल्लाहु अन्हु) नीचे थे। आप इस बात पर लोगों से बैअत ले रहे थे कि वह जहां तक संभव हो अल्लाह और उसके रसूल की बात सुनेंगे और इताअत करेंगे। जब मर्दों की बैअत से फ़ारिग़ हुए तो आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने औरतों की बैअत ली। उन ख़वातीन में अबू सुफ़ियान की बीवी हिंद भी थी, जिसने नक़ाब कर रखा था। उसे ख़ौफ़ था कि आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम उस सुलूक के बारे में पूछेंगे जो उसने हज़रत हम्ज़ा (रज़ियल्लाहु अन्हु) से किया था। उसे ख़दशा था कि इसकी वजह से उसकी गिरफ़्तारी न हो जाए। जब वह ख़वातीन आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की ख़िदमत में हाज़िर हुईं तो आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने फ़रमाया: "इस अम्र पर मेरी बैअत करो कि तुम अल्लाह के साथ किसी को शरीक नहीं ठहराओगी। इस पर कि तुम चोरी नहीं करोगी।" हिंद ने कहा: "अल्लाह की क़सम! मैं अबू सुफ़ियान के माल से कभी-कभी कुछ ले लेती हूँ। मैं नहीं जानती कि यह मेरे लिए हलाल है या हराम।" अबू सुफ़ियान वहाँ मौजूद सुन रहे थे। उन्होंने कहा: "तुमने जो गुज़िश्ता माल लिया, वह तुम्हारे लिए हलाल है। अल्लाह तआला तुमसे दरगुज़र करे।" रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने हिंद को पहचानते हुए फ़रमाया: "तुम हिंद बिन्ते उत्बा हो?" उसने कहा: "जी हाँ, लेकिन जो पहले हो चुका, उसे माफ़ फरमा दें।" मतलब यह कि इस्लाम और आपकी ज़ात मुबारक के ख़िलाफ़ जो कुछ मैंने किया, उससे दरगुज़र फ़रमाएँ। फिर आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने फ़रमाया: "तुम बदकारी नहीं करोगी।" हिंद ने कहा: "क्या आज़ाद औरत भी बदकारी करती है?" फिर आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने फ़रमाया: "तुम अपनी औलाद को क़त्ल नहीं करोगी।" हिंद ने कहा: "हमने बचपन में उन्हें पाला, लेकिन बड़े हुए तो आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने उन्हें बद्र के मौक़े पर क़त्ल कर दिया। आप जानें या वह।" यह सुनकर रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम और हज़रत उमर (रज़ियल्लाहु अन्हु) हँस पड़े। फिर आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने फ़रमाया: "तुम ऐसा बुहतान नहीं लगाओगी जिसे तुमने अपने सामने घड़ा हो।" हिंद ने कहा: "बुहतान लगाना बहुत बुरा फ़ेल है और बाज़ गुनाह उससे भी बुरे हैं।" फिर आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने फ़रमाया: "तुम अम्र-ए-मारूफ़ में मेरी नाफ़रमानी नहीं करोगी।"

(अल-लुलुअल्मक़्नून फी सीरतिन्नबी अल-मामून सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम, जिल्द 4, पेज 78-79, रियाद 2013)(सुबुल अल-हुदा, जिल्द 5, पेज 247-248, 295, दार अल-कुतुब अल-इल्मिय्या, बेरूत)

एक रिवायत में यह है कि हिंद बिन्ते उत्बा को समझ आ गई कि वह गुमराही पर थी, तो अपने ख़ाविंद अबू सुफ़ियान को कहने लगी कि मैं मुहम्मद सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की बैअत करना चाहती हूँ। अबू सुफ़ियान ने हैरान होते हुए कहा: "आज तक तो तुम इनकार ही करती चली आई हो। यह अचानक इतनी बड़ी तब्दीली कैसे आ गई?" कहने लगी: "अल्लाह की क़सम! मैंने फत्ह-ए-मक्का वाले दिन मुसलमानों को मुहम्मद सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के साथ इबादत करते हुए देखा है और सारी रात मुहम्मद सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के साथी खाना काबा में इस तरह इबादत करते रहे कि कोई क़ियाम की हालत में था, कोई रुकू की और कोई सजदे की हालत में। इस तरह इबादत करते हुए मैंने आज तक किसी को नहीं देखा।" अबू सुफ़ियान ने कहा: "अपनी क़ौम के किसी आदमी के साथ जाना।" यानी आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के पास जाना है तो अपनी क़ौम के किसी आदमी के पास जाना। चुनाँचे वह हज़रत उमर (रज़ियल्लाहु अन्हु) के पास गई और उनको साथ लेकर आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की ख़िदमत में हाज़िर हुई और अपने इस्लाम क़बूल करने का वाक़िया बयान किया।

इस्लाम क़बूल करने के बाद वह घर गई और जो बुत उसके घर में पड़ा था, उसे तोड़कर टुकड़े-टुकड़े कर दिया और कहने लगी: "तेरी वजह से हम धोखे में पड़े रहे।"

(अल-इसाबा फी तमीज़िस्सहाबा, जिल्द 8, पेज 347, दार अल-कुतुब अल-इल्मिय्या, बेरूत)

(फत्ह-ए-मक्का, मुहम्मद बाशमील, पेज 311, नफ़ीस एकेडमी, कराची)

एक दूसरी रिवायत में है कि हिंद ने इस्लाम क़बूल करने के बाद रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के पास आईं और कहा: "सारी तारीफ़ें अल्लाह तआला के लिए हैं जिसने अपने इस दीन को ग़ालिब किया जो उसने अपने लिए पसंद किया। क्या आपकी रहमत का कुछ हिस्सा मुझे भी मिल सकेगा? या रसूलल्लाह! मैं वह औरत हूँ जो अल्लाह तआला पर ईमान ले आई है और उसकी तस्दीक़ करने वाली है।" आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने फ़रमाया: "तुम्हें ख़ुश आमदीद हो।"

हिंद ने कहा: "ऐ अल्लाह के रसूल! मैं रू-ए-ज़मीन के अहल-ए-ख़ैमा में से किसी के बारे में यह नहीं चाहती थी कि वह आपके ख़ैमे से ज़्यादा रसवा हो, लेकिन अब मुझे रू-ए-ज़मीन के सारे अहल-ए-ख़ैमा की इज़्ज़तों से आपकी इज़्ज़त ज़्यादा अज़ीज़ है।"

हज़रत हिंद ने इस्लाम लाने के बाद आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम से अपनी मुहब्बत और इख़्लास का इज़हार इस तरह किया कि दो कम उम्र बकरे भूनकर आपकी ख़िदमत में लौंडी के हाथ भिजवाए। लौंडी रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के पास आई और कहा कि मेरी मालकिन ने यह आपकी ख़िदमत में भेजे हैं। गोश्त भूनकर भेजा है और वह उज़्र करते हुए कह रही हैं, माफ़ी चाह रही हैं कि आजकल हमारी बकरियों के बच्चे कम हैं। इसलिए मैं सिर्फ़ दो भेज रही हूँ। आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने फ़रमाया: "अल्लाह तआला तुम्हारी बकरियों और उनकी औलाद में बरकत डाले।" बाद में यह लौंडी कहती थी कि बिल्लाहि कि मैंने बकरियों और उनके बच्चों की इतनी कसीर तादाद देखी जो पहले नहीं देखी थी। हज़रत हिंद कहती थीं कि यह रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की दुआ के तुफ़ैल है।

(सुबुल अल-हुदा, जिल्द 5, पेज 255, दार अल-कुतुब अल-इल्मिय्या, बेरूत)(सीरतुल हलबिया, बाब-ए-ज़िक्र-ए-मग़ाज़ी, जिल्द 3, पेज 139, दार अल-कुतुब अल-इल्मिय्या, बेरूत)

हज़रत मुस्लिह मौऊद (रहमतुल्लाह अलैहि) अबू सुफ़ियान की बीवी हिंद की बैअत का वाक़िया यूँ बयान फ़रमाते हैं: "यह वही औरत है जिसने हज़रत हम्ज़ा (रज़ियल्लाहु अन्हु) का मुस्ला करवाया था। आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने मुनासिब समझा कि उसे इस ज़ालिमाना फ़ेल और ख़िलाफ़-ए-इंसानियत हरकत की सज़ा दी जाए। उस वक़्त पर्दे का हुक्म नाज़िल हो चुका था। जब औरतें बैअत के लिए आईं तो हिंदा भी चादर ओढ़कर साथ आ गई और उसने बैअत कर ली। जब वह उस फ़क़रे पर पहुँची कि 'हम शिर्क नहीं करेंगी' तो चूँकि वह बड़ी तेज़ तबीयत थी, उसने कहा: 'या रसूलुल्लाह! हम अब भी शिर्क करेंगी?' आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम अकेले थे और हमने पूरी ताक़त और क़ुव्वत के साथ आपका मुक़ाबला किया। अगर हमारे खुदा सच्चे होते तो आप क्यों कामयाब होते? वह बिल्कुल बेकार साबित हुए और हम हार गए।' रसूल-ए-करीम सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने फ़रमाया: 'हिंदा है?' आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम उसकी आवाज़ को पहचानते थे, आख़िर रिश्तेदार ही थी। हिंदा ने कहा: 'या रसूलल्लाह! अब मैं मुसलमान हो चुकी हूँ। अब आपको मुझे क़त्ल करने का इख़्तियार नहीं।' रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम हँस पड़े और फ़रमाया: 'हाँ, अब तुम पर कोई गिरफ़्त नहीं हो सकती।' ग़रज़ वह क़ौम जो समझती थी कि आपने सब खुदाओं को कूट कर एक खुदा बना लिया है, उनमें इतना तग़य्युर पैदा हो गया कि हिंदा जैसी औरत ने कहा कि क्या कोई कह सकता है कि खुदा एक नहीं।"

(अपने फ़राइज़ की अदायगी में रात-दिन मुन्हमिक रहो, अनवारुल उलूम, जिल्द 20, पेज 14-15)

बैअत के उन्हीं दिनों का एक वाक़िया मिलता है। एक शख़्स बैअत करने के लिए नबी-ए-अकरम सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की ख़िदमत में हाज़िर हुआ और आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के रौब और जलाल से वह डर के मारे काँप रहा था। आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने उसे तसल्ली देते हुए फ़रमाया: "डरो नहीं," और इज़्ज़ो-इन्किसार का इज़हार करते हुए फ़रमाया: "मैं कोई बादशाह नहीं हूँ। मैं तो उस औरत का बेटा हूँ जो मक्का में सूखा गोश्त खाया करती थी।"

(अल-लुलुअल्मक्नून फी सीरतिन्नबी अल-मामून सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम, जिल्द 4, पेज 83, रियाद 2013)(सुनन इब्ने माजा, किताबुल अत्इमा, बाबुल क़दीद, हदीस 3312)

वे अपराधी जिनके क़त्ल का हुक्म सदा हुआ, उनके बारे में लिखा है। तफ़्सील बयान करता हूँ, हालाँकि इस बारे में कुछ लोगों के तहम्मत भी हैं और वाक़ियात भी यही बताते हैं, क्योंकि जिन वजहात की बिना पर क़त्ल के हुक्म के बारे में बयान किया गया है, यह साफ़ तौर पर आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के अमल और तबीयत के ख़िलाफ़ है। बहरहाल पहले यह बयान कर देता हूँ कि कौन लोग थे। तारीख़ में कुछ जगह ज़िक्र हुआ है और बाद में इसके रद्द में भी बयान कर दूँगा।

इब्ने इश्हाक़ ने ज़िक्र किया है कि वह अफ़राद जिनके जराइम की बाबत आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने फ़रमाया कि वह जहाँ भी नज़र आएँ, उनको क़त्ल कर दिया जाए, वह आठ मर्द और छह औरतें थीं। यह फत्हुल बारी में लिखा है। सीरत-ए-हलबिया में लिखा है कि यह कुल ग्यारह अफ़राद थे। वाक़िदी ने लिखा है कि यह कुल दस अफ़राद थे, जिनमें छह मर्द थे और चार औरतें थीं।

(फत्हुल बारी, जिल्द 8, पेज 14, किताबुल मग़ाज़ी, हदीस नंबर 4280, आराम बाग़ कराची)(सीरतुल हलबिया, जिल्द 3, पेज 117, दारुल कुतुबिल इल्मिया, बेरूत)(किताबुल मग़ाज़ी, वाक़िदी, जिल्द 2, पेज 258, दारुल कुतुबिल इल्मिया, बेरूत)

बुख़ारी की शरह फत्हुल बारी में इन चौदह अफ़राद के नाम भी लिखे हैं, जिनमें अब्दुल उज़्ज़ा बिन ख़तल, अब्दुल्लाह बिन सअद बिन अबी सरह, इक़रिमा बिन अबी जहल, मिक़यस बिन सुबाबा, हब्बार बिन असवद आदि शामिल हैं।

(फत्हुल बारी, जिल्द 8, पेज 13, क़दीमी किताब ख़ाना, आराम बाग़ कराची)

एक हदीस में है कि रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने फत्ह-ए-मक्का के रोज़ चार मर्द और दो औरतों के अलावा सबको अमन दे दी। आप ने फ़रमाया: "उन्हें क़त्ल कर दो, चाहे वह काबा के परदों के साथ लटके हुए हों।"

(सुननुन नसाई, किताबुल मुहारिबा [तहरीमुद्दम], बाबुल हुक्म फिल मुरतद, हदीस: 4072)

एक रिवायत में यह है कि रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने फत्ह-ए-मक्का के रोज़ इन चार अफ़राद के अलावा सबको अमन दे दी थी, जिनमें अब्दुल उज़्ज़ा बिन ख़तल, मिक़यस बिन सुबाबा, अब्दुल्लाह बिन सअद बिन अबी सरह और उम्मे सारा थीं।

(अल-बिदाया वन निहाया, जिल्द 6, पेज 562, मक्तबा दार हिज्र, बेरूत)

एक सीरत निगार ने लिखा है कि जिन लोगों के क़त्ल को मुबाह करार दिया गया था, यानी जायज़ करार दिया गया था, उनमें से अक्सर को आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने माफ़ फरमा दिया था और सिर्फ़ कुछ ही लोग क़त्ल हुए थे, जिन्हें आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की आम माफ़ी से पहले ही क़त्ल कर दिया गया था।

(फत्ह-ए-मक्का, बाशमील, पेज 261-262, नफ़ीस एकेडमी, कराची)

हज़रत मसीह-ए-मौऊद (रहमतुल्लाह अलैह) ने इस हवाले से अपनी राय जो लिखी है, वह यह है कि:

"सिर्फ़ ग्यारह मर्द और चार औरतें ऐसी थीं, जिनकी निस्बत शदीद ज़ालिमाना क़त्ल और फसाद साबित था। वह गोया जंगी मुजरिम थे और उनके मुताल्लिक रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम का हुक्म था कि क़त्ल कर दिए जाएँ, क्योंकि वह सिर्फ़ कुफ़्र या लड़ाई के मुजरिम नहीं थे, बल्कि जंगी मुजरिम थे।" लेकिन "...उनमें से अक्सर को मुसलमानों की सिफारिश पर आप ने छोड़ दिया।"

(दीबाचा तफ़्सीरुल कुरआन, अनवारुल उलूम, जिल्द 20, पेज 344, 349)

तो अक्सर उनमें से छोड़ दिए गए। हज़रत मसीह-ए-मौऊद (अलैहिस्सलाम) बयान फ़रमाते हैं कि: "हज़रत ख़ातमुल अंबिया सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने मक्का वालों और दूसरे लोगों पर बकुल्ली फत्ह पा कर और उनको अपनी तलवार के नीचे देख कर फिर उनका गुनाह बख़्श दिया और सिर्फ़ उन्हीं कुछ लोगों को सज़ा दी, जिनको सज़ा देने के लिए हज़रत अहदियत की तरफ़ से क़तई हुक्म वारिद हो चुका था।" जिनके बारे में अल्लाह तआला ने वाज़ेह तौर पर फरमा दिया था: "और बजुज़ उन अज़ली मलऊनों के हर एक दुश्मन का गुनाह बख़्श दिया।"

(बराहीन-ए-अहमदिया, हिस्सा-ए-सोम, रूहानी ख़ज़ायन, जिल्द 1, पेज 286-287, बाक़िया हाशिया नंबर 11)

जिन अफ़राद को क़त्ल किया गया था, तारीख़ में उनकी वजूहात भी बयान की गई हैं, जो कि बयान तो कर देता हूँ, लेकिन बहरहाल तसल्ली-बख़्श वजूहात नहीं हैं। जो पहला नाम लिखा है, अब्दुल उज़्ज़ा बिन ख़तल का है। उसने पहले इस्लाम क़बूल किया था। रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने उसका नाम अब्दुल्लाह रखा था और उसने मदीना की तरफ़ हिजरत की थी। आप ने उसे ज़कात लेने के लिए भेजा। उसके हमराह बनू खुज़ाअ में से एक शख़्स था, जो उसके लिए खाना बनाता था और उसकी ख़िदमत करता था। इन दोनों ने एक जगह पड़ाव डाला, जहाँ लोग इकट्ठे हो कर ज़कात दिया करते थे। इब्ने ख़तल ने खुज़ाइ शख़्स को हुक्म दिया कि वह खाना तैयार करे और ख़ुद दोपहर के वक़्त सो गया। जब जागा तो खुज़ाइ शख़्स सो रहा था। उसने

कुछ तैयार नहीं किया था। इब्ने ख़तल ने तलवार के साथ उसे क़त्ल कर दिया और इस्लाम से मुरतद हो कर मक्का भाग गया। यह अशआर में रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की हज्व बयान करता था। हज़रत अनस (रज़ियल्लाहु अन्हु) बयान करते हैं कि रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम फत्ह-ए-मक्का के रोज़ मक्का में दाख़िल हुए। आप के सर पर ख़ुद था। आप ने उसे उतारा। एक शख़्स आप की ख़िदमत में हाज़िर हुआ। उसने कहा: "इब्ने ख़तल खाना काबा के परदों के साथ लटका हुआ है।" आप ने फ़रमाया: "उसे क़त्ल कर दो।"

दूसरा है मिक़यस बिन सुबाबा। उसने एक अंसारी सहाबी को शहीद करने के लिए इस्लाम क़बूल किया था। अंसारी सहाबी ने एक ग़ज़वा में मिक़यस के भाई को दुश्मन समझ कर ग़लती से क़त्ल कर दिया था। मिक़यस ने भाई की दियत भी ली और अंसारी सहाबी को शहीद भी कर दिया। फिर इस्लाम तर्क कर के मक्का वापस चला गया। हज़रत नुमैला बिन अब्दुल्लाह ने फत्ह-ए-मक्का के रोज़ उसे क़त्ल किया।

हुवैरिस बिन नुक़ैज़ है। यह लिखा है कि आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने उसके क़त्ल का हुक्मनामा जारी फ़रमाया, क्योंकि वह रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम को ईज़ा पहुँचाता था। हज़रत अली (रज़ियल्लाहु अन्हु) ने उसे क़त्ल किया। एक सीरत निगार लिखता है कि हुवैरिस बिन नुक़ैज़ के क़त्ल की यही वजह मिलती है कि वह रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम को ईज़ा पहुँचाता था, लेकिन उसके क़त्ल का सबब उसके अलावा कोई और है, क्योंकि आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम अपने नफ्स के लिए इंतिक़ाम नहीं लेते थे।

फिर है हुवैरिस बिन तलातिल खुज़ाइ। यह शख़्स रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की हज्व करता था। उसे भी हज़रत अली (रज़ियल्लाहु अन्हु) ने क़त्ल किया।

फिर इब्ने ख़तल की लौंडी क़रीना थी। उसे अरनब भी कहते थे। यह आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के बारे में हज्विया अशआर गाती थी। उसे क़त्ल कर दिया गया।

(सुबुलुल हुदा वर रशाद, जिल्द 5, पेज 223-225, दारुल कुतुबिल इल्मिया, बेरूत)(इम्ताउल अस्मा, जिल्द 1, पेज 399, दारुल कुतुबिल इल्मिया, बेरूत)(फत्ह-ए-मक्का, बाशमील, पेज 264-265, नफ़ीस एकेडमी, कराची)(अल-लुलुअल मक्नून, सीरत इनसाइक्लोपीडिया, जिल्द नहम, पेज 157, दारुस्सलाम)

हालाँकि यह तादाद जिनको क़त्ल किया गया था, चौदह-पंद्रह तक मिलती है, लेकिन तहक़ीक़ पर मालूम होता है कि यह तादाद दुरुस्त नहीं है, क्योंकि जिन जराइम की वजह से उनको क़त्ल करने का ज़िक्र मिलता है, वह जराइम ख़ुद बताते हैं कि मुअर्रिख़ीन को ग़लती लगी है। अक्सरियत के जराइम यह बयान हुए हैं कि वह मुरतद हो गए थे या वह रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम को दुख और तकलीफ़ पहुँचाया करते थे या आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की हज्व किया करते थे। यह फ़र्द-ए-जुर्म बताती है कि यह बाद के ज़माने की सोच है, क्योंकि जब कुरआन-ए-करीम और सुन्नत-ए-रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम से इन्हिराफ़ करते हुए यह सोच पैदा हुई कि मुरतद की सज़ा क़त्ल है या तौहीन-ए-रिसालत की सज़ा क़त्ल है, तो यह बाद की सोचें हैं। पहले तो आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के ज़माने में यह होता ही नहीं था। जब कुरआन-ए-करीम से साबित होता है कि इरतिदाद की सज़ा क़त्ल नहीं है। जब कुरआन और नबी-ए-करीम सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के उस्वा-ए-हसना से साबित होता है कि नबी सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम को दुख देने, आप को ईज़ा पहुँचाने और आप के हज्व करने की सज़ा क़त्ल नहीं, तो साफ़ मालूम होता है कि फत्ह-ए-मक्का के मौक़े पर जिस-जिस को क़त्ल करने का हुक्म दिया गया था, यक़ीनी तौर पर उनका जुर्म कोई और होना चाहिए था। जंगी जुर्म जैसे हज़रत मसीह-ए-मौऊद (रहमतुल्लाह अलैह) ने लिखा है कि वह जंगी मुजरिम थे या वह क़ातिल थे और वह तो थे ही, लेकिन यह कि हज्व कर दिया या तौहीन की, यह ग़लत है।

फत्ह-ए-मक्का के मौक़े पर क़त्ल किए जाने की इन रिवायात पर जर्ह करते हुए बर-ए-सग़ीर के एक मअरूफ सीरत निगार अल्लामा शिब्ली नोमानी लिखते हैं कि अरबाब-ए-सियर का बयान है कि आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने हालाँकि अहल-ए-मक्का को अमन अता किया था, ताहम दस शख़्सों की निस्बत हुक्म दिया कि जहाँ मिलें, क़त्ल कर दिए जाएँ। उनमें से बाज़ मसलन अब्दुल्लाह बिन ख़तल, मिक़यस बिन सुबाबा ख़ूनी मुजरिम थे और क़िसास में क़त्ल किए गए। अगर उनको माना भी जाए तो यह दो क़ातिल थे, इसलिए क़त्ल किए गए, लेकिन मुतअद्दिद दूसरे जो हैं, ऐसे थे कि उनका सिर्फ़ यह जुर्म था कि वह मक्का में आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम को सताया करते थे या आप के हज्व में अशआर कहा करते थे। आप को सताते थे या हज्विया अशआर कहते थे। उनमें से एक औरत इस जुर्म में क़त्ल की गई कि वह आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के हज्विया अशआर गाया करती थी। यह कहा जाता है, लेकिन उन्होंने लिखा है कि मुहद्दिसाना तन्क़ीद की रू से यह बयान सहीह नहीं है। इस जुर्म का मुजरिम तो सारा मक्का था। अगर यही बात ली जाए कि हतक किया करते थे और निंदा वाले अशआर कहते थे, तो यह तो सारा मक्का यही करता था, फिर तो सारों को क़त्ल करना चाहिए था। क़ुरैश में से सिवाए दो-चार के कौन था जिसने आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम को सख़्त से सख़्त ईज़ाएँ नहीं दीं। जबकि उन्हीं लोगों को यह पंक्तियाँ सुनाई गई कि 'अंतुमुत तुलक़ाउ' कि तुम लोग आज़ाद हो। जिन लोगों का क़त्ल बयान किया जाता है, वह निस्बतन कम दर्जा के मुजरिम थे।

हज़रत आयशा सिद्दीका (रज़ियल्लाहु अन्हा) की यह रिवायत सिहा-सिता में मौजूद है कि आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने किसी से ज़ाती इंतिक़ाम नहीं लिया।

ख़ैबर में जिस यहूदी औरत ने आप को ज़हर दिया, उसकी निस्बत लोगों ने दरयाफ़्त भी किया कि उसके क़त्ल का हुक्म होगा, इरशाद हुआ कि नहीं। ख़ैबर के कुफ़रिस्तान में एक यहूदिया ज़हर दे कर रहमत-ए-आलम सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के तुफ़ैल से जानबर हो सकती है, तो हरम में उससे कम दर्जा के मुजरिम अफ़व-ए-नबवी से कैसे महरूम रह सकते हैं। अगर दिरायत पर क़नाअत न की जाए तो रिवायत के लिहाज़ से भी यह वाक़िया बिल्कुल नाकाबिल-ए-एतेबार रह जाता है। अक़्ल से जाइज़ा न भी लें तो तब भी रिवायत ग़लत है, क्योंकि सहीह बुख़ारी में सिर्फ़ इब्ने ख़तल का क़त्ल मज़कूर है और यह साधारणतः मुसल्लम है कि वह क़िसास में क़त्ल किया गया था। मिक़यस का क़त्ल भी शरई क़िसास था। बाक़ी जिन लोगों की निस्बत हुक्म-ए-क़त्ल की वजह बयान की जाती है कि वह किसी ज़माने में आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम को सताया करते थे, वह रिवायतें सिर्फ़ इब्ने इश्हाक़ तक पहुँच कर ख़त्म हो जाती हैं, यानी उसूल-ए-हदीस की रू से वह रिवायत मुन्क़ता है, जो काबिल-ए-एतेबार नहीं। सबसे ज़्यादा मोतबर रिवायत जो इस बारे में पेश की जा सकती है, वह अबू दाऊद की रिवायत है, जिस में मज़कूर है कि आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने फत्ह-ए-मक्का के दिन फ़रमाया कि चार शख़्सों को कहीं अमन नहीं दिया जा सकता। अबू दाऊद ने इस हदीस को नक़्ल कर के लिखा है कि इस रिवायत की सनद जैसी चाहिए, मुझ को नहीं मिली। अबू दाऊद की इन रिवायात के मुताल्लिक दूसरी कुतुब में भी लिखा है कि वह कमज़ोर हैं। इसमें शुबह नहीं कि बाज़ सरदारान-ए-क़ुरैश जो मुख़ालिफ़ीन-ए-इस्लाम के पेशरो थे, आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की तशरीफ़ आवरी की ख़बर सुन कर मक्का से भाग गए, लेकिन यह सिर्फ़ इब्ने इश्हाक़ का क़ियास है कि वह इस वजह से भाग गए थे कि उनके क़त्ल का हुक्म दिया गया था।

(माख़ूज़-ए-सीरतुन्नबी सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम, शिब्ली, जिल्द-ए-अव्वल, पेज 350-351, मक्तबा इस्लामिया)

अलग़रज़ फत्ह-ए-मक्का के वक़्त सिर्फ़ कुछ एक अफ़राद के क़त्ल होने का फैसला हुआ था और वह वही थे जिनके बारे में हुक्म-ओ-अद्ल हज़रत अक़दस मसीह-ए-मौऊद (अलैहिस्सलाम) ने फ़रमाया है कि:

"सिर्फ़ उन्हीं कुछ लोगों को सज़ा दी जिन को सज़ा देने के लिए हज़रत अहदियत की तरफ़ से क़तई हुक्म वारिद हो चुका था।" यानी वह तीन-चार आदमी थे "और बजुज़ उन अज़ली मलऊनों के हर एक दुश्मन का गुनाह बख़्श दिया।"

(बराहीन-ए-अहमदिया, हिस्सा-ए-सोम, रूहानी ख़ज़ायन, जिल्द 1, पेज 287, बाक़िया हाशिया नंबर 11)

तो यह है इसकी हक़ीक़त। इसलिए यह कहना कि इतने आदमी जो क़त्ल किए गए थे, वह हज्व करते थे, तौहीन-ए-रिसालत थी, यह सब ग़लत बातें हैं। बाक़ी इंशाअल्लाह आइंदा बयान करूँगा।

